देना साथ हमारा भी

लिख देना लिख देना गजानन भाग्य हमारा भी,
जैसे सबको दिया सहारा देना साथ हमारा भी.......

एक तो लिखना मात पिता जी,
लिख देना लिख देना गजानन छोटा सा भैया जी,
लिख देना लिख देना गजानन भाग्य हमारा भी.....

एक तो लिखना सास ससुर जी,
लिख देना लिख देना गजानन प्यारा सजनवा जी,
लिख देना लिख देना गजानन भाग्य हमारा भी.....

एक तो लिखना बेटा और बेटी,
लिख देना लिख देना गजानन बेटे को नौकरिया जी,
लिख देना लिख देना गजानन भाग्य हमारा भी.....

चाहे जितनी देना उमरिया,
लिख देना लिख देना गजानन जाऊं सुहागन जी,
लिख देना लिख देना गजानन भाग्य हमारा भी.....

दूर रहूं मैं पाप दोष से,
लिख देना लिख देना गजानन मनवा में पूजा जी,
लिख देना लिख देना गजानन भाग्य हमारा भी.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/27408/title/dena-saath-humara-bhi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |